NORTH CENTRAL RAILWAY EMPLOYEES SANGH

Registered, Recognised & Affiliated to N.F.I.R. & I.N.T.U.C.
Central Office : 464/B, Nawab Yusuf Road, Prayagraj (U.P.)

No : 225/NCRES/76/22 Date : 8.12.2022

श्रीमान महाप्रबंधक (कार्मिक)
नार्थ सेन्ट्रल रेलवे, प्रयागराज

विषय :– LDCE कोटे के अन्तर्गत लिपिक संवर्ग के चयन में चिकित्सा विभाग के चिकित्सालय सहायक (HA) को शामिल न किया जाना।

संदर्भ :– DRM(P) कार्यालय द्वारा जारी अधिसूचना नं0 752 ई./ईओ. 4/चयन/LDCE/लिपिक/16 $\frac{2}{3}$ % दिनांक 29.11.2022

महोदय,

अवगत कराना है कि 16 $\frac{2}{3}$ % LDCE कोटे के अन्तर्गत लिपिक संवर्ग में अवर लिपिक सह टंकण, GP-1900 के चयन हेतु प्रयागराज मण्डल द्वारा दिनांक 29.11.2022 को अधिसूचना जारी कर चिकित्सा विभाग के सफाई वालो (HKA) को चयन प्रक्रिया में शामिल किया गया है लेकिन चिकित्सालय सहायक (HA) को शामिल नही किया गया है।

पूर्व में प्रयागराज मण्डल द्वारा लिपिक संवर्ग के चयन के लिये दिनांक 14.3.2022 को जारी नोटिफिकेशन में चिकित्सा विभाग के कर्मचारियों को शामिल नही किया गया था लेकिन प्रधान कार्यालय के निर्देश के बाद प्रयागराज मण्डल ने दिनांक 22.4.2022 को पत्र जारी कर चिकित्सा विभाग के HKA को शामिल कर लिया था।

लिपिक संवर्ग में अवर लिपिक GP-1900 के पद हेतु चयन प्रक्रिया में चिकित्सा विभाग के चिकित्सालय सहायक (HA) को शामिल न किये जाने से कर्मचारियों में बहुत असंतोष है।

यह भी अवगत कराना है कि उत्तर रेलवे (NR), उत्तर पश्चिम रेलवे (WCR) इत्यादि में लिपिक संवर्ग GP-1900 के चयन प्रक्रिया में चिकित्सा विभाग के HKA & HA को शामिल किया जाता है।

अतः अनुरोध है कि 16 $\frac{2}{3}$ % LDCE कोटे के अन्तर्गत लिपिक संवर्ग में अवर लिपिक सह टंकण GP-1900 की चयन प्रक्रिया में चिकित्सा विभाग के चिकित्सालय सहायक (HA) को शामिल करने के लिये प्रयागराज मण्डल को उचित निर्देश देने की कृपा करें।

(आर. पी. सिंह)
महामंत्री